

रितुराज ने विजय हजारे ट्राफी में सबसे ज्यादा रन बनाए

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि रितुराज वनडे टीम में हैं, लेकिन क्या उन्हें मौका मिलेगा। मैं सौ फीसदी निश्चित नहीं हूं क्योंकि धवन और रोहित ओपनिंग करेंगे और केएल राहुल मध्यक्रम में खेलेंगे। वहीं टीम के पास श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा व रिषभ पंत जैसे अन्य खिलाड़ी हैं जो मध्यक्रम में खेल सकते हैं। आपको बता दें कि रितुराज गायकवाड़ ने पिछले दिनों विजय हजारे ट्राफी में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। उन्होंने पांच मैचों में 4 सेंचुरी लगाते हुए 150.75 की औसत से 603 रन बनाए थे। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी उन्होंने 51.80 की औसत से 259 रन बनाए थे।

## 36 वाला 24 साल वाले पर पड़ेगा भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का एलान कर दिया गया है। एक बार फिर से अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर 36 साल के शिखर धवन वनडे टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। धवन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों में 79, 29, 61 रन की पारी खेली थी। वहीं अब टीम में रोहित शर्मा की भी वापसी हो चुकी है ऐसे में इस बात की पूरी उम्मीद है कि वनडे में रोहित शर्मा के साथ केएल राहुल ओपनिंग करेंगे जबकि केएल राहुल मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय ओपनर बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ को वनडे टीम में जगह दी गई है, लेकिन वो टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। अब धवन और रोहित जब टीम में हैं तो ऐसे में 24 साल के रितुराज को फिलहाल बेंच पर ही बैठना पड़ेगा। वहीं रितुराज गायकवाड़ को लेकर आकाश चोपड़ा ने भी कहा है कि इस बात की संभावना कम ही है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में प्लेइंग इलेवन में उन्हें मौका मिले।

## न्यूज डायरी



### पीटरसन का धमाका, जयसूर्या के एक ओवर की सारी 6 गेंदों को भेजा बाउंड्री पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मस्कट। संन्यास ले चुके दुनियाभर के खिलाड़ियों का जमावड़ा ओमान में लगा है। जहां जारी लीजेंड्स क्रिकेट लीग में रोजाना कोई न कोई छा रहा है। बीती रात वहां केविन पीटरसन ने जलवा दिखाया। इंग्लैंड के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज ने श्रीलंका के धुरंधर रहे सनत जयसूर्या के एक ओवर में 30 रन पीट दिए। 26 जनवरी की रात वर्ल्ड जायंट्स और एशिया लायंस आमने–सामने थे, जहां इंग्लैंड के पूर्व कप्तान पीटरसन ने महज 38 गेंद में 86 रन पीट दिए। 7 छक्के और 9 चौके वाली इस पारी के 30 रन तो सिर्फ एक ही ओवर से आ गए। पीटरसन ने जयसूर्या के उस ओवर की सारी गेंदें बाउंड्री पार भेजी। तीन छक्के और तीन चौके के साथ उन्होंने जयसूर्या के नाम इस सीजन के सबसे महंगे ओवर का शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज करवा दिया। टॉस जीतकर वर्ल्ड जायंट्स के कप्तान डैरेन सैमी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया और मिस्बाह–उल–हक की कप्तानी वाली एशिया लायंस को सिर्फ 149 रन पर ही समेट दिया।

### क्रुणाल पंड्या का ट्विटर अकाउंट हैक... लोगों ने दीपक हुड्डा से जोड़कर ली मौज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर क्रुणाल पंड्या के ट्विटर पर अकाउंट से गुरुवार सुबह कई उलजुलूल ट्वीट किए गए। अजीबोगरीब ट्वीट देखकर लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। कुछ ने तो उन्हें दीपक हुड्डा के विवाद से जोड़कर उनकी मौज लेनी शुरू कर दी। दरअसल, उनका दीपक से विवाद हुआ था, जो काफी सुर्खियों में रहा था। एक दिन पहले यानी बुधवार को दीपक को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि उन्हें और उनके भाई हार्दिक को दोनों ही सीरीजों के लिए नहीं चुना गया। क्रुणाल पंड्या के ट्विटर अकाउंट पर कुछ ऐसे ट्वीट किए गए, जो यहां शेयर नहीं किया जा सकता है। बता दें कि खराब फॉर्म की वजह से उन्हें और उनके भाई हार्दिक को टीम से बाहर रखा गया है।

### लैंगर और थॉम्पसन को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में किया गया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज और ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। लैंगर के अलावा पूर्व तेज गेंदबाज और महिला टीम की कप्तान रायली थॉम्पसन को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। सीए के सीईओ निक हॉकले ने कहा, 'रायली और लैंगर 1996 में स्थापित ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के क्रमशः 58वें और 59वें नंबर पर शामिल हुए हैं।' 29 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले लैंगर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 45.27 की औसत से 7,696 रन बनाए। उन्होंने अपने करियर के पहले साल तीसरे नंबर पर खेले, जिसमें 1999 में होबार्ट में पाकिस्तान को हराने के लिए 369 रनों का पीछा करने के लिए एडम गिलक्रिस्ट के साथ प्रसिद्ध साझेदारी भी शामिल थी। हॉकले ने कहा, 'वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के कोच के रूप में और हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच के रूप में जस्टिन लैंगर का ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है।'

### कोहली के साथ नहीं अब इस खिलाड़ी की कप्तानी में खेलने को बेताब हैं हर्षल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल के पिछले सीजन में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर हर्षल पटेल ने खूब सुर्खियां बटोरी साथ ही साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेकर उन्होंने पर्पल कैप भी अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी ने अपने इस तेज गेंदबाज को आइपीएल सीजन 2022 के लिए अपनी टीम में रिटेन नहीं किया। अब आइपीएल 2022 के लिए मेगा नीलामी का आयोजन 12 व 13 फरवरी को किया जाएगा, लेकिन इससे पहले हर्षल पटेल ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए बताया कि वो किस टीम के लिए खेलना चाहते हैं।

# भारत के खिलाफ जीत के बाद पाकिस्तान के इस खिलाड़ी की चमकी किस्मत

क्रिकेट

## मेरे साथ तस्वीर खिंचवाना चाहते हैं लोगः रिजवान



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच बेहद कम मुकाबले देखने को मिलते हैं, लेकिन जब ये दोनों टीमें आमने–सामने होती है तो रोमांच अपने चरम पर होता है। मैच का दवाब खिलाड़ियों पर होता है और दोनों टीमें किसी भी हाल में मैच जीतना चाहती हैं। साल 2021 टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत हुई थी, लेकिन इस बार बाजी पाकिस्तान के हाथों में रही और पाकिस्तान को 10 विकेट से मिली। इस जीत के बाद इस पाकिस्तानी खिलाड़ी की तो जैसे निकल पड़ी और काफी कुछ उनके जीवन में बदल गया।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज मो. रिजवान ने ईएसपीन क्रिकइन्फो के साथ बात करते हुए कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 में जब लीग मैच में हमें भारत के खिलाफ खेलना था तो कई लोगों ने मुझसे कहा कि कल भारत के खिलाफ मैच है और ये काफी बड़ा मुकाबला है। मैं उन सबसे यही कह रहा था कि ये भी हर मैच की तरह से एक मैच ही है और मैं कुछ अलग महसूस नहीं कर रहा हूं। ये सिर्फ एक मैच है और कुछ नहीं। आपको बता दें कि इस मैच में मो. रिजवान ने नाट आउट अर्धशतकीय पारी खेली थी और भारत को पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया था।

मो. रिजवान ने कहा कि मैं कसम खाकर कहता हूं कि भारत के खिलाफ मिली जीत के बाद मैंने जो महसूस किया उसका वर्णन नहीं कर सकता। भारत के खिलाफ ये मेरा पहला मैच था और टी20 वर्ल्ड कप में भी इस टीम के खिलाफ पहला मुकाबला था। इस टीम के खिलाफ जीत के बाद जो प्यार और प्रशंसा मिली उसे हम अब भी महसूस कर रहे हैं। मुझे याद है कि खेल से पहले एक साक्षात्कार में, किसी ने कहा था कि आप एक स्टार हैं, लेकिन अगर आप कल प्रदर्शन करते हैं, तो सुपरस्टार बनने के लिए एक जगह खाली है। और मैंने सिर्फ ये कहा था कि कृपया, बस उम्मीद करें कि पाकिस्तान जीत जाए।

रिजवान ने कहा कि अगर आप मुझसे पूछेंगे कि मैं अब कैसा महसूस कर रहा हूं तो मैं कहूंगा अजीब। मैं इस फैक्ट से बाहर नहीं निकल सकता कि बच्चे मुझे पहचान रहे हैं और उम्रदराज लोग, फैमिली सब मुझे पहचान रहे हैं और मेरे साथ तस्वीर खिंचवाना चाहते हैं। आपको बता दें कि मो. रिजवान ने साल 2021 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे और उन्हें आइसीसी टी20 प्लेयर आफ द ईयर 2021 का खिताब भी मिला है।

# ब्रेट ली को नहीं पसंद पेसर्स का आराम करना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मस्कट। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली पेसर्स के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट स्कीम के पूरी तरह खिलाफ हैं जो बिजी इंटरनेशनल कैलेंडर में एक चलन बन गया है। व्यस्त कार्यक्रम के अलावा कोविड–19 महामारी के बीच 'बायो–बबल' की जिंदगी का असर भी क्रिकेटरों पर पड़ा है, जिससे उन्हें खेल से दूर रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ली ने यहां 'लीजेंड्स क्रिकेट लीग' के मौके पर कहा, 'मैं इस आराम देने के नियम के खिलाफ हूं। मुझे गेंदबाजों को आराम देना पसंद नहीं है, मैं गेंदबाजों को प्रत्येक मैच खेलते देखना पसंद करूंगा।' मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में नहीं खेले, जिसमें भारत को 0–3 से हार का सामना करना पड़ा।

बोले– उन्हें तो हर मैच खेलना चाहिए

चयनकर्ताओं ने शमी और जसप्रीत बुमराह की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए भी आराम दिया है, जिसमें तीन वनडे और तीन टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं, लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ली ने कहा कि एक तेज गेंदबाज को सिर्फ तभी आराम दिया जाना चाहिए, जब उसे कोई चोट हो। ली ने कहा, 'अगर वे चोट से जूझ रहे हों तभी यह (आराम देना) ठीक है। लेकिन मैं तेज गेंदबाजों को कड़ी मेहनत करते और हर वक्त खेलते हुए देखना चाहता हूं।' दक्षिण अफ्रीका से भारत को टेस्ट में मिली हार के बारे में बात करते हुए ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह उम्मीद के विपरीत रहा क्योंकि यह वही टीम थी जिसने ऑस्ट्रेलिया को उसकी मांद में हराया था और फिर इंग्लैंड के खिलाफ भी 2–1 से बढ़त बना ली थी। उन्होंने कहा, 'देखिए, कभी कभार ऐसा होता है। ऑस्ट्रेलिया में वे जिस तरह से खेले, उसकी घरेलू सरजमीं पर उसे हरा दिया और फिर इंग्लैंड में...।' ली ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई टीम इस समय दुनिया की नंबर एक टीम है, लेकिन भारत बहुत अच्छी टेस्ट टीम रही है। दक्षिण अफ्रीका में ऐसा हुआ कि मेजबान टीम ने अपनी सरजमीं पर वास्तव में काफी शानदार श्रृंखला खेली।'

## जसप्रीत बुमराह भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान क्यों नहीं बन सकते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली के बाद भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान कौन होगा इसके बारे में बीसीसीआइ द्वारा घोषणा की जाएगी। वैसे टेस्ट टीम की कप्तानी के लिए केएल राहुल, रोहित शर्मा और रिषभ पंत को बड़े दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इनमें से जसप्रीत बुमराह ने कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कप्तानी करने का मौका मिलता है तो वो इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार हैं। बुमराह को साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय वनडे टीम का उप–कप्तान बनाया गया था। बुमराह ने अपनी कप्तानी को लेकर एक प्रेस–कांफ्रेंस में कहा था कि अगर मौका दिया जाता है, तो यह एक सम्मान होगा और मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी ना कहेगा और मैं अलग नहीं हूं। चाहे वह कोई भी नेतृत्व समूह हो, मैं हमेशा अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के लिए योगदान देना चाहता हूं। शोएब अख्तर के साथ बातचीत में, जब पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज ने पूछा कि क्या शास्त्री ने कभी बुमराह को किसी एक प्रारूप में कप्तान बनाने के बारे में सोचा है वो भी शायद टी20 प्रारूप में तो शास्त्री का जवाब सीधा नहीं था।